पंजाब केसरी 07/04/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने 'सोशल एवं मैंटल हैल्थ अवेयरनैस' पर बनाए पोस्टर

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'सोशल एवं मैंटल हैल्थ अवेयरनैस' पर पोस्टर बनाते विद्यार्थी और गतिविधि का संचालन करतीं आई.सी.सी. सदस्य डॉ. मनजीत कौर। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 6 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को 'सोशल एवं मैंटल हैल्थ अवेयरनैस' विषय पर पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया।

इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी (आई.सी.सी.) द्वारा मैंटल हैल्थ क्लब एवं नैशनल टास्क फोर्स के सहयोग से आयोजित इस गतिविधि का संचालन आई.सी.सी. सदस्य डॉ. मनजीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी क्रिएटिविटी का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टर में मैंटल हैल्थ, जैंडर सैंसिटिविटी और सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

आई.सी.सी. सदस्य डॉ. मनजीत कौर ने कहा कि यह गतिविधि विद्यार्थियों की क्रिएटिविटी और सोशल सैंसिटिविटी को उजागर करने का बेहतरीन मंच है। विद्यार्थियों को अपनी सोच को कला के माध्यम से व्यक्त करना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए।